तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 12 जनवरी 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

## खबर संक्षेप

### कार की ठोकर से बाइक सवार घायल

**बालोद।** बाईक के माध्यम से जा रहे लोगों को कार ने ठोकर मार दिया। जिसके बाद बाईक चालक ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 3(5), 318(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। 21 बटालियन करकाभाट में पदस्थ प्रधान आरक्षक महेन्द्र कुमार कोमरे ने पुलिस को बताया कि 19 दिसंबर को अपनी सासू मां कुन्ती बाई को अपने भाई नोहर सिंह तारम के मोटर साइकिल सीजी 24 पी 1655 में बैठा कर झलमला बस स्टैण्ड से बालोद अपने रिश्तेदार साढू भाई के यहां छोडने जा रहा था, तभी शाम करीबन 07.30 बजे सिवनी मोड के पास पहुचा तो बालोद तरफ से आ रही कार सीजी 07 सीडी 7888 का चालक अपनी कार को अचानक सिवनी मोड में मेरे मोटर साइकिल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से मुझे सिर में, बाये गाल, बाये कंधे व बाये पैर में चोट लगा है तथा मेरी सासू मां कुन्ती बाई को दाहिने पैर में चोट लगा है। मोबाईल एवं मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गया है।

### युवक से मारपीट, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** काम में नही ले जाने की बात कहने पर तीन लोगों ने एक व्यक्ति की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वालो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम भिलाई निवासी पिताम्बर ठाकुर ने पुलिस को बताया कि 04 जनवरी को रात्रि करीबन 09:30 बजे मैं घर आ रहा था, तभी हमारे गांव के घनश्याम यादव आया तो मैं घनश्याम यादव को बोला कि मुझे काम मे नही ले जा रहे हो, तो घनश्याम यादव ने आक्रोश मे आकर मुझे गाली गलौज कर अपने हाथ मे पहने चुड़ा से मेरे माथे मे मार दिया, जिसे मेरे माथे में खून निकल रहा था, घनश्याम यादव अपने भाई पिन्टू यादव, पत्नी दुलारी यादव को आवाज देकर बुलाया तो दोनो आये और और तीनो मुझे हाथ मुक्का से मारपीट किये और धमकी दे रहे थे, तब वहां पर उपस्थित कृष्ण कुमार ठाकुर, एवं अन्य लोगों द्वारा बीच बचाव किये है।

### दो ट्रकों की टक्कर में कार क्षतिग्रस्त, एक घायल

**बालोद।** दो ट्रको की टक्कर में ट्रक के पीछे चल रहे कार क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे कार में बैठा एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसके बाद कार चालक ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम लिमोरा निवासी नूतन कुमार हिरवानी ने पुलिस को बताया कि 07 जनवरी को अपनी कार सीजी 04 एएक्स 1777 में साथी ग्राम लिमोरा निवासी साहिल देवहारे के शेष पेज 10 पर







## आयोजन : विभिन्न राज्यों के रोवर-रेंजर व स्काउट-गाइड ने किया अवलोकन

# जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र देश भर के रोवर-रेंजर्स ले रहे योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

ग्राम दूधली में आयोजित पांच दिवसीय प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी में भारत स्काउट गाइड द्वारा विभिन्न राज्यों तथा बालोद जिला प्रशासन द्वारा राज्य एवं जिले के विकास कार्य एवं उपलब्धियों पर आधारित विभिन्न विभागों के प्रदर्शनियों को अवलोकन करने हेतु प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। जंबूरी स्थल में जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

▪ विद्यार्थियों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने प्रदर्शनियों की सराहना की

जनसंपर्क विभाग के प्रदर्शनी में राज्य सरकार के साथ बालोद जिला प्रशासन के विकास कार्यों की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों एवं रोवर रेंजर, स्काउट गाइड के साथ साथ राज्य के विभिन्न जिलों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने प्रदर्शनियों का अवलोकन कर सराहना की। इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों के रोवर रेंजर, स्काउट गाइड एवं आम नागरिकों ने जनसंपर्क विभाग के स्टाल में पहुंचकर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी के दूसरे दिन हिमाचल प्रदेश, झारखंड, बिहार, राजस्थान एवं अन्य राज्यों के अलावा प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं स्थानीय लोगों ने जनसंपर्क विभाग के प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान देश के





विभिन्न राज्यों के रोवर रेंजर एवं स्काउट गाइडस ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के जनता के हित में संचालित किए जा रहे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को जानकारी ली। इस मौके पर जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं तथा राज्य सरकार एवं बालोद जिला प्रशासन के उपलब्धियों के संबंध में भी जानकारी दी। जनसंपर्क अधिकारी ठाकुर ने विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों एवं प्रदर्शनी का अवलोकन हेतु पहुंचे विद्यार्थियों को जनसंपर्क विभाग के कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान जनसंपर्क विभाग के कर्मचारी मनीष यादव, कृष्ण शरण साहू एवं सुरेन्द्र साहू उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी में विधिक जागरुकता स्टॉल लगाकर नालसा योजनाओं का किया प्रचार

**बालोद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार प्रसार हेतु तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एक्शन प्लान के अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश बालोद श्यामलाल नवरत्न, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के निर्देशन में भारती कुलदीप के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद द्वारा ग्राम दुधली में आयोजित राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी के अवसर पर 9 से 13 जनवरी तक नालसा द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु विधिक जागरूकता स्टॉल लगाया गया है। उक्त स्टॉल में राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी में आने वाले व्यक्ति को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा द्वारा संचालित योजनाएं जागृति योजना 2025, डॉन योजना 2025, आशा योजना 2025, संवाद योजना 2025, आपदा पीड़ितों को विधिक सेवा प्राधिकरणों के





माध्यम से विधिक सेवाएं योजना 2010, तस्करी एवं वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2016 तथा एसिड हमले के पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना 2016, पीडित क्षतिपूर्ति योजना 2011 एवं पीडित क्षतिपूर्ति योजना 2018, महिला हेल्पलाईन की जानकारी, घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005, साइबर क्राईम से बचाव, निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में बैनर एवं पाम्पलेट के माध्यम से पैरालीगल वालिंटियर के द्वारा जानकारी प्रदान की जा रही है।

## जम्बूरी में बिखरे लोक कला के रंग साहसिक खेलों में युवाओं ने दिखाया दम

**बालोद।** ग्राम दुधली में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी के द्वितीय दिवस का आयोजन एथेनिक फैशन शो, एडवेंचर एरिया, वाटर स्पोर्ट्स, कलर पार्टी एवं बौद्धिक गतिविधियों के साथ सांस्कृतिक संध्या से सराबोर रहा। इस अवसर पर जंबूरी में शामिल विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने अपने साहसिक एवं बौद्धिक गतिविधियों के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। आयोजन के द्वितीय दिवस के सांध्य कालीन बेला पर मुख्य अतिथि भारत स्काउट गाइड के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ. केके खण्डेलवाल थे। अध्यक्षता भारत स्काउट गाइड के राज्य आयुक्त इन्दरजीत सिंह खालसा ने किया, जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, नगर पंचायत डौण्डीलोहारा के अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, लोक कलाकार डोमार सिंह कुंवर, भारत स्काउट गाइड कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन, ग्राम पंचायत दुधली के उप सरपंच मोहित देशमुख सहित अतिथिगण उपस्थित थे।

▪ एथेनिक फैशन शो, एडवेंचर एरिया, वाटर स्पोर्ट्स ने बढ़ाया उत्साह

राष्ट्रीय मुख्य आयुक्त डॉ. केके खण्डेलवाल ने कहा कि जंबूरी देश के विभिन्न राज्यों के निवासियों, वहां की संस्कृति एवं आचार विचार को जोड़कर प्रतिभागियों में आपसी भाईचारा, देश प्रेम की भावना एवं सामाजिक सौहार्द्र के वातावरण को विकसित करने का कार्य करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारत स्काउट गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त इन्दरजीत सिंह खालसा ने इस आदिवासी बहुल क्षेत्र में नेशनल राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी के आयोजन को अपने आप में अभिनव एवं महत्वपूर्ण बताया। लोक कलाकार डोमार सिंह व कुंवर ने जंबूरी को समुचे छत्तीसगढ़ राज्य सहित बालोद जिले के लिए अत्यंत गौरव का विषय बताया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव ने किया। सांध्य कालीन बेला पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के रोवर रेंजरों के द्वारा बस्तर रेला नृत्य, इंदिरा गांधी संगीत विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों के द्वारा सुआ गीत की प्रस्तुति एवं छत्तीसगढ़ के बिलासपुर संभाग के प्रतिभागियों के द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा आज देश के अलग–अलग राज्यों के प्रतिभागियों ने अपने–अपने राज्यों के उत्कृष्ट लोक कला की प्रस्तुति से आयोजन में अपनी अमिट छाप छोड़ी।

# ग्राम अंगारी में विवेकानंद जयंती पर आज आयोजित होगा भव्य हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष में और वन्देमातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बालोद खंड अंतर्गत बेलमांड मंडल अंतर्गत ग्राम अंगारी में सर्व हिन्दू समाज द्वारा हिन्दू सम्मेलन और विवेकानंद जयंती 12 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है।

हिन्दू सम्मेलन सुबह 11 बजे से 2 बजे तक त्रिमूर्ति मंदिर प्रांगण अंगारी में होगा। कार्यक्रम की शुरुआत सर्व समाज द्वारा मां भारती की पूजा और कलश यात्रा से ग्राम भ्रमण के साथ प्रारंभ होगी। पश्चात अतिथियों द्वारा मां भारती,



छत्तीसगढ़ महतारी, स्वामी विवेकानंद, भगवान श्री राम जी की पूजा और दीप प्रज्वलन से प्रारंभ होगी। अतिथि स्वागत के बाद शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक शाला के बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। पश्चात जय बजरंग मानस मंडली बोरी की प्रस्तुति होगी। भजनों के मध्य में अतिथियों का हिंदू सम्मेलन पर उद्बोधन होगा। हिन्दू सम्मेलन मे प्रमुख वक्ताओं में विभाग संयोजक सामाजिक समरसता निर्मल साहू, उपाध्यक्ष जिला आयोजन हिन्दू सम्मेलन मोहन लाल यादव, संत समाज से प्रखर सनातनी वेदांत प्रवक्ता नाड़ी विशेषज्ञ, समाजसेवी डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत और मातृ शक्ति से कार्यवाहिका राष्ट्र सेविका समिति राजनांदगांव बहन शारदा चंद्रा विभाग होंगी। इस अवसर पर सभी समाज प्रमुखों का अभिनंदन किया जाएगा। आयोजक सर्व हिन्दू सनातन समाज और ग्राम वासी अंगारी ने सभी हिन्दू सनातनी भाई बहनों को अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

# मुख्यमंत्री साय का गुण्डरदेही आगमन आज, 100 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की देंगे सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुण्डरदेही

नगर पंचायत गुण्डरदेही में 12 जनवरी सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री का गुण्डरदेही में आगमन हो रहा है। जहां वे क्षेत्र की जनता को 100 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की बड़ी सौगात देंगे। इस अवसर पर विभिन्न परियोजनाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण संपन्न होगा।

### बाजार स्थल में सजा मंच दोपहर 11 बजे होगा कार्यक्रम

मुख्यमंत्री का मुख्य कार्यक्रम नगर के बाजार स्थल में दोपहर 11 बजे से आयोजित किया गया है। जिला प्रशासन और नगर पंचायत द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां पुरी कर ली गई हैं। कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम, पीडब्ल्यूडी एसडीओपी और सभी विभागों के

▪ कृषि, कॉम्प्लेक्स और सड़क विकास से मजबूत होगा नगर का ढांचा, व्यापारी संघ करेगा लड्डुओं से तौलकर मुख्यमंत्री का सम्मान



अधिकारियों ने कार्यक्रम का निरीक्षण किया और सभी तैयारियों का जायजा लिया। व्यापारी संघ द्वारा मुख्यमंत्री को लड्डुओं से तौला जाएगा साथ ही जिनको जमीन के मालिकाना हक का पट्टा दिया जाएगा उनके द्वारा भी मुख्यमंत्री का सम्मान किया जाएगा।

विकास कार्यों की सूची में कृषि निर्माण, व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स और मुख्य मार्गों का सुदृढ़ीकरण शामिल है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने इस आयोजन को क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया है। उन्होंने गुण्डरदेही विधानसभा के समस्त नागरिकों, माताओं–बहनों और युवा साथियों से विशेष अपील करते हुए कहा मुख्यमंत्री हमारे नगर में करोड़ों की सौगात लेकर आ रहे हैं। यह हम सभी के लिए हर्ष का विषय है। भूमिपूजन में ओवरब्रिज कृषि निर्माण कार्य 54 करोड़, व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माणरू 1.17 करोड़, मुख्य मार्ग मेन रोड से फुटपाथ निर्माण 52 लाख, अधोसंरचना एवं अन्य विकास कार्य 3.35 करोड़ शामिल है। इस आयोजन में क्षेत्र के सांसद, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक और जिला भाजपा के अध्यक्ष, पदाधिकारीगण अन्य जनप्रतिनिधि नगर पंचायत के उपाध्यक्ष विजय सोनकर एवं समस्त पार्षदगणों की उपस्थिति रहेगी।

## चार दिन में ठीक होने वाला वायरल प्रकोप अब 10 से 15 दिन तक कर रहा परेशान

# कड़ाके की ठंड में वायरल प्रकोप, मरीजों को लंबे समय तक हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

ठंड के मौसम में फैलने वाले मौसमी वायरल संक्रमण से मरीज परेशान। पहले जहां सर्दी-जुकाम और हल्का बुखार तीन-चार दिनों में ठीक हो जाता था, वहीं अब मरीजों को 10 से 15 दिनों तक लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस बार वायरल के साथ तेज गले में दर्द, टॉन्सिल का बढ़ना, दोबारा बुखार आना, जोड़ों में दर्द और अत्यधिक कमजोरी जैसे लक्षण ज्यादा सामने आ रहे हैं। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों में वायरल से पीड़ित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। खासकर बच्चे, बुजुर्ग और पहले से कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

### दवा अधूरी छोड़ने से लौट रहा संक्रमण

शहीद अस्पताल दल्लीराजहरा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शैवाल जाना के अनुसार, अस्पताल में ऐसे कई मरीज आ रहे हैं जो इलाज के कुछ दिनों बाद फिर से बुखार, शरीर दर्द और कमजोरी की शिकायत लेकर





पहुंच रहे हैं। शुरुआती दौर में लोग इसे सामान्य मौसमी असर मानकर दवा तो लेते हैं, लेकिन दो-तीन दिन में आराम मिलते ही दवा की पूरी खुराक नहीं लेते। इसी कारण संक्रमण दोबारा उभर जाता है और इस बार लक्षण और ज्यादा गंभीर हो जाते हैं।

### गले में सूजन और टॉन्सिल की शिकायत बढ़ी

वरिष्ठ ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. राकेश वर्मा ने बताया कि, इस बार वायरल में गले की समस्या ज्यादा देखी जा रही है। टॉन्सिल का बढ़ना, निगलने में दर्द, आवाज बैठना और सूखी खांसी आम लक्षण बन गए हैं। कई मामलों में मरीज को एंटीबायोटिक और पूरा रेस्ट जरूरी हो जाता है।

**इम्यूनिटी कमजोर होने से बढ़ रही समस्या:** चिकित्सक डॉ. पूजा मिश्रा के अनुसार, ठंड के मौसम में खान-पान और दिनचर्या बिगड़ने से इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है। ऐसे में वायरल संक्रमण जल्दी पकड़ लेता है और ठीक होने में समय लगता है। बिना डॉक्टर की सलाह के दवा लेना या दवा बीच में छोड़ देना सबसे बड़ी गलती है।

### डॉक्टरों की सलाह

चिकित्सकों ने लोगों को सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा है कि- बुखार या सर्दी-जुकाम को हल्के में न लें, डॉक्टर द्वारा बताई गई दवा की पूरी खुराक जरूर लें, ठंडे पानी, आइसक्रीम और ठंडी चीजों से परहेज करें, गुनगुना पानी पिएं और पर्याप्त आराम करें, बच्चों और बुजुर्गों में लक्षण दिखते ही डॉक्टर से संपर्क करें, डॉक्टरों का कहना है कि सावधानी और सही इलाज से इस बदले हुए वायरल पैटर्न से बचाव संभव है, लेकिन लापरवाही बीमारी को लंबा और गंभीर बना सकती है।

# यूथ पार्लियामेंट में लोकसभा अध्यक्ष बने डॉ. रमन सिंह, युवाओं ने पेश की संसद की जीवंत तस्वीर







हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी मे तीसरे दिन यूथ पार्लियामेंट के अंतर्गत वास्तविक लोकसभा की कार्यवाही प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर जंबूरी में शामिल रोवर रेंजरों एवं उपस्थित लोगों को लोकसभा की वास्तविक कार्यवाही से रूबरू कराया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने युवा संसद कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष के भूमिका का निर्वाह किया एवं विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा, लोक सभा के महासचिव के भूमिका का निर्वाह किया। इसके अलावा प्रतिभागी रोवर रेंजरों ने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, वित्त मंत्री एवं रेल मंत्री के अलावा नेता प्रतिपक्ष एवं लोकसभा सदस्य की भूमिका निभाई। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह द्वारा प्रतिभागी रोवर रेंजरो से उनकी राजनैतिक अभिरूचि के संबंध में जानकारी लिये जाने पर अधिकांश लोगों ने संसद एवं विधानसभा के सदस्य बनने की ईच्छा व्यक्त की। इस पर प्रसन्न्ता व्यक्त करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि हमारी नई पीढ़ी देश की बागडोर को संभालने के लिए तैयार है। इस अवसर पर स्कूली शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, भारतीय स्काउट गाइड के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ के के खंडेलवाल शेष पेज 10 पर

▪ डॉ. रमन सिंह ने संभाली आसंदी, युवाओं ने निभाया मंत्रियों का किरदार

**पेज 9 के शेष**

## यूथ पार्लियामेंट में ..

राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा, जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, एसपी योगेश कुमार पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, सौरभ लूनिया, अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में रोवर रेंजर, स्काउट गाइडस तथा आम नगरीकरण उपस्थित थे। संसद सत्र का शुभारंभ शपथ पत्र के साथ हुआ उसके पश्चात दिवंगत सदस्य को श्रद्धांजलि देने के पश्चात कार्यवाही प्रारंभ की गई। सदस्यों द्वारा ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करते हुए पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई। इस दौरान डॉ रमन सिंह ने बताया कि विधानसभा सत्र मे जो सदस्य बोलता है वह रिकॉर्ड के रूप में सुरक्षित रखा जाता है, इसीलिए सदन में सोच समझकर बोला जाता है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने जंबूरी स्थल पर विधानसभा लोकसभा की तर्ज पर युवा संसद का आयोजन के लिए शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा एवं जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव को बधाई देते हुए उन्हें आमंत्रित करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जंबूरी में शामिल आप सब गुलदस्ते के फूल के समान है। जंबूरी के पांच दिनों में मिट्टी से जुड़ने एवं अलग–अलग लोगों के मिलने एवं अन्य प्रदेशों के कला संस्कृति से अवगत होने का सुनहरा अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से 1947 तक विकसित भारत बन जायेगा।

## दो ट्रकों की टक्कर ...

साथ अपने गांव से करहीभदर जा रहे थे, हमारे सामने ट्रक सीजी 04 एनडी 9141 चल रहा था, सुबह करीबन 08 बजे ग्राम मुजगहन नहर नाली के पास मेन रोड में पहुचे थे उसी समय ग्राम करहीभदर की ओर से मुजगहन की ओर आ रही ट्रक सीजी 08 एएफ 5054 के चालक ने अपने ट्रक को काफी तेज रफ्तार से चलाते हुए लाकर ट्रक सीजी 04 एनडी 9141 को सामने से जोरदार ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से ट्रक पीछे की ओर आने से मेरी कार सीजी 04 एएक्स 1777 का सामने हिस्सा ट्रक से टकरा जाने के कारण क्षतिग्रस्त हुआ है एवं कार में बैठे मेरे साथी साहिल देवहारे के पैर में चोट लगा है एक्सीडेंट से मुझे चोट नही लगा है। एक्सीडेंट के बाद ट्रक सीजी 04 एनडी 9141 का चालक घटना स्थल से भाग गया।

**आयोजन : मुख्य अतिथि विधायक संगीता ने रामायण से सीख लेने का संदेश दिया**

# ग्राम भिराई में राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





ग्राम पंचायत भिराई में राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन के समापन समारोह की मुख्य अतिथि संजारी बालोद विधानसभा की विधायक संगीता सिन्हा थी। अध्यक्षता अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर तामेश्वर साहू ने किया। विशेष अतिथि विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत गुरूर टोमन साहू, निज सचिव विधायक कार्यालयदेव कुमार साहू, सेक्टर अध्यक्ष सनौद उमेश कुमार साहू, हिमांशु लावत्रे गुरूर, अश्विनी साहू उपस्थित थे।

विधायक संगीता सिन्हा ने कहा की रामायण से सबको सीख लेना चाहिए। रामायण से हमें सत्य, धर्म, कर्तव्यनिष्ठा, त्याग, और मर्यादा जैसे नैतिक मूल्यों की सीख मिलती है, जो सिखाती है कि बुराई पर अच्छाई की जीत होती है और रिश्तों, अनुशासन व अच्छे आचरण से जीवन को आदर्श बनाया जा सकता है, जिसमें माता–पिता का सम्मान, भाईचारे और विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना प्रमुख है।

संगीता सिन्हा ने कहा रामायण से ही परिवार, और भाई भाई मे मेल सहयोग की सिख मिलती है, धार्मिक आयोजनों से ही गांव मे शांति भाईचारा एकता का भाव उत्पन्न होता है, खैरागढ़ की मंडली के कथा प्रसंग से अभिभूत होकर विधायक ने कहा कि वास्तव मे एक माँ और पिता अपने चार बच्चों का लालन–पालन बड़े ही सुन्दर ढंग और बिना किसी तकलीफ के कर लेते हैं, लेकिन वही बच्चे जब बड़े होकर माता पिता को बांटने लगते हैं और उनका लालन–पालन नहीं कर पाते हैं, तो बहुत ही तकलीफ होती है। हम रामायण तो सुन लेते हैं पर रामायण में कही हुई बातों को अपने असल जिंदगी में चरितार्थ नहीं कर पाते। उन्होंने सभी से निवेदन किया कि आप सभी अपने मां और पिता का सम्मान करे उन्हें अच्छा पारिवारिक माहौल दें, ताकि उनकी जिंदगी शांति एवं खुशी से बीते।साथ ही साथ गाँव मे विकास कार्यों के लिए आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम मे प्रमुख रुप से सरपंच सनत सिन्हा, बसंत साहू अध्यक्ष रामायण समिति, अश्विनी साहू, केश कुमार साहू, मिलन राम साहू बोहारा, सहित ग्रामवासी भिराई बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

# ग्रामीणों के नाम से लोन पास कराकर करोड़ों की धोखाधड़ी हुआ उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छह ग्रामीणों को सब्सिडी में बोर खनन एवं तार घेरा कराने के लिए नाबार्ड से लोन दिलाने के नाम पर 27,87,000 का धोखाधड़ी करने की शिकायत सामने आई है। जिसमे ग्रामीणों ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 3(5), 318(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राग रेंगाडबरी थाना मंगचुवा निवासी महेन्द्र कुमार पिता बहुर सिंह कोमरे 40 वर्ष ने पुलिस को बताया कि ग्राम जारवाही जिला राजनांदगांव निवासी अमीर खान पिता सलीम खान एवं ग्राम बकलीटोला थाना डौण्डीलोहरा जिला बालोद निवासी हसनुद्दीन उर्फ हसन शेख पिता शेख कमरूद्दीन एवं राकेश आईसीआईसीआई बैंक बालोद के कर्मचारी द्वारा मुझे मछली पालन तार घेरा कराने, बोर खनन एवं सब्जी फार्म बनवाने का प्रवलोभन देकर आईसीआईसीआई बैंक शाखा बालोद में खाता खोलवाने के लिए मुझे किसान ऋण पुस्तिका मांगे। मेरे नाम से उक्त बैक में खाता खुलवाकर मेरे नाम से 8,00,000 रूपये का लोन पास करवा लिया, जिसके संबंध में अमीर खान, हसनुद्दीन उर्फ हसन शेख एवं राकेश ने मुझे कोई जानकारी नहीं दिये, जब बैंक से लोन राशि वसुली के लिए कर्मचारी मेरे गांव में आकर बताये कि आपके नाम से आईसीआईसीआई बैंक शाखा बालोद के खाता नंबर से 03 मई 2024 को 8,00,000 रूपये लोन निकाले है, जिसका किस्त आपके द्वारा जमा नहीं किया गया, तब मुझे जानकारी मिला, तब मैने हमारे एवं आस–पास के गांव के लोगों द्वारा लोन लिए अन्य लोगो से पूछने पर पता चला की इसी प्रकार बावडुटोला थाना गोटाटोला जिला मोहला मानपुर चौकी निवासी रघुवीर टेकाम पिता स्व0 फकीर सिंह 49 वर्ष के ईसाफ बैंक शाखा बालोद के खाता से 14 जुलाई 2025 को 2,70,000 रूपये तथा 15 जुलाई 2025 को 12,000 रूपये कुल 2,82,000 रूपये का लोन निकाले है। ग्राम बावडुटोला थाना गोटाटोला जिला मोहला मानपुर चौकी निवासी चमरा राम कुच्चाम पिता स्व0 रजऊराम कुच्चाम 65 वर्ष के ईसाफ बैंक शाखा बालोद के खाता 31 मई 2025 को 7,00,000 रूपये 02 जून 2025 को 65,000 रूपये कुल रकम 7,65,000 रूपये का लोन निकाले है। ग्राम पुनारकसा थाना मंगचुवा थाना जिला बालोद निवासी ओमप्रकाश जुरऍ पिता नरसिंग 22 वर्ष के आईसीआईसीआई बैंक शाखा बालोद के खाता नंबर से 10 मई 2025 को 6,40,000 रूपये का लोन निकाले है। ग्राम विजयपुर थाना व जिला मोहला मानपुर चौकी निवासी लतखोर मण्डावी पिता झाडूराम मण्डावी 55 वर्ष के आईसीआईसीआई बैंक शाखा बालोद से कुल रकम 5,50,000 रूपये निकाला है। मडियाकट्टा डौण्डीलोहारा जिला बालोद निवासी सेवती बाई के आईसीआईसीआई बैंक शाखा बालोद के खाता नंबर से 04 सितंबर 2024 को 5,50,000 रूपया लोन निकाले हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अमीर खान, हसनुद्दीन उर्फ हसन शेख एवं राकेश तीनो ने मिलकर हम भोले भाले ग्रामीणों को अपने बातो में फंसा कर सब्सिडी में बोर खनन एव तार घेरा कराने के लिए नाबार्ड से लोन दिलाने के नाम पर हमारे नाम से आईसीआईसीआई बैंक शाखा बालोद, ईसाफ बैंक बालोद में खाता खोलवाकर अपने पास बैंक पास बुक एवं एटीएम कार्ड को रखकर षडयंत्र पूर्वक कुल रकम 27,87,000 रूपये हमारे नाम से लोन निकालकर राशि अन्य खातो में ट्रांसफर एवं नगद प्राप्त कर धोखाधडी किये है।

# दल्लीराजहरा में जंगली हाथियों की बढ़ती गतिविधियों से अलर्ट मोड में वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



दल्लीराजहरा शहर और आसपास के इलाकों में जंगली जानवरों की बढ़ती गतिविधियों ने एक बार फिर दहशत का माहौल बना दिया है। हाल ही में दल्लीराजहरा शहर के भीतर जंगली भालू के विचरण और तांडव के बाद अब जंगली हाथियों के दल्लीराजहरा क्षेत्र में प्रवेश की संभावना जताई जा रही है। पड़ोसी जिला धमतरी क्षेत्र में हाथियों का दल लगातार उत्पात मचा रहा है, जिससे वन विभाग और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। जानकारी के अनुसार, एक घायल जंगली हाथी ने धमतरी के सीतानदी अभ्यारण्य क्षेत्र में वन विभाग के अधिकारियों की जिप्सी पर हमला कर वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस हमले में जिप्सी का पिछला कांच पूरी तरह चकनाचूर हो गया।

### हमले के वक्त वाहन खाली, टला बड़ा हादसा

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, जिस समय हाथी ने जिप्सी को निशाना बनाया, उस वक्त वाहन में कोई मौजूद नहीं था। निगरानी दल के सदस्य लगभग 50 से 60 मीटर की दूरी पर थे, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हाथी कुछ देर सड़क पर विचरण करता रहा, इसके बाद जंगल की ओर लौट गया। गौरतलब है कि दल्लीराजहरा शहर आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जो धमतरी ब्लॉक के अंतिम छोर और डौंडी ब्लॉक की सीमा से लगा हुआ है। गत वर्ष दिसंबर–जनवरी में हाथियों के झुंड ने दल्लीराजहरा शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में भारी नुकसान पहुंचाया था, जिसमें जनहानि तक की घटनाएं सामने आई थीं। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि घायल हाथी फिलहाल सीतानदी अभ्यारण्य क्षेत्र में है और उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। वन विभाग के अनुसार, एसडीओ, रेंजर सहित ट्रेकिंग और निगरानी दल हाथी की पल-पल की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके। दल्लीराजहरा वन अधिकारी ने लोगों से अपील किया है कि जंगल की ओर न जाएं।

## तीन दिवसीय लोककला एवं रामायण प्रतियोगिता संपन्न



जामगांव आर। मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन जामगांव आर, औरी, रिवागहन, बेल्हारी, आगेसरा में आयोजित किया गया। गातापार में आयोजित लोककला महोत्सव एवं रामायण मानसगान प्रतियोगिता 9 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित हुआ। आमंत्रण अनुसार सांसद विजय बघेल, विधायक भूपेश बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू, प्रदेश भाजपा मंत्री जितेंद्र वर्मा, साहू समाज तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू, जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष नारद साहू नेताओं ने स्थानीय पदाधिकारियों के साथ रामायण प्रतियोगिताओं में अतिथि थे। कार्यक्रम में गुमान साहू, कोवेंद्र साहू, कुंजेश चंद्राकर, कृषलाल साहू, रेवाराम साहू, रूपेंद्र शुक्ला, रामकुमार चंद्राकर,नोमेश साहू, टिकाराम साहू, भगवानसिंह चंद्राकर, खिलावन यादव, संतोष साहू, धन्नू साहू, रोमा, योगेशकिरण साहू, अभिषेक सेन, कमलेश यादव उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)




अरुण साव
उप मुख्यमंत्री
(छ.ग. शासन)
विजय शर्मा
उप मुख्यमंत्री
(छ.ग. शासन)
ओपी चौधरी
वित्त मंत्री
(छ.ग. शासन)
केदार कश्यप
वन मंत्री
(छ.ग. शासन)
गजेन्द्र यादव
शिक्षा मंत्री
(छ.ग. शासन)
भोजराज नाग
सांसद
अनिल जैन
राष्ट्रीय अध्यक्ष
भारत स्काउट एंड गाइड
डा. के.के. खंडेलवाल
मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त
इंद्रजीत सिंह खालसा
राज्य मुख्य आयुक्त
भारत स्काउट एंड गाइड
यशवंत जैन
महामंत्री, प्रदेश भाजपा छ.ग.
चेमन देशमुख
अध्यक्ष जिला भाजपा बालोद
राकेश यादव
मुख्य आयुक्त
जिला स्काउट एंड गाइड बालोद
तारणी चंद्राकर
अध्यक्ष
जिला पंचायत बालोद
प्रतीभा चौधरी
अध्यक्ष
नगर पालिका बालोद
तोरण साहू
अध्यक्ष
नगर पालिका, दल्लीराजहरा
राजा दीवान
पूर्व मंडल अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी
डा. प्रदीप जैन
अध्यक्ष
जिला रेड क्रास सोसायटी
प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबुरी
ग्राम दुधली, जिला बालोद में
पधारे मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री (छ.ग. शासन) एवं समस्त अतिथियों का
हार्दिक स्वागत, वंदन, अभिनंदन...
-:: कार्यक्रम ::-
दिनांक- 12/01/2026
महाशिविर ज्वाला
समय- शम 8.00 बजे से
युवा संवाद एवं
कैरियर काउंसलिंग
प्रात- 9.00 बजे
मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री (छ.ग. शासन)
हरीश साखला
राकेश (छोटू) यादव
ताराचंद साखला
कमलेश सोनी
रवि पाण्डेय
गौतम गुप्ता

## खबर संक्षेप

### महावीर गौशाला में मकर संक्रांति विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**बालोद**। श्री महावीर गौशाला एवं अनुसंधान केन्द्र बालोद द्वारा मकर संक्राति के अवसर पर गौशाला परिसर में 14 जनवरी को कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमे महाआरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गौ चिकित्सक एवं गौ सेवक का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### ग्राम थनौद में आज मड़ई मेला आज

**अंडा**। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम थनौद बस्ती पारा में समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में आज को भव्य मंडाई मेला का आयोजन रखा गया हैं, सरपंच मेनका दिनेश देशमुख ने बताया कि इस मंडाई मेला के अवसर पर आस पास के ग्रामीण जनो से अपिल किया हैं, कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच का मेला का आनंद उठाये, और मेला के अवसर पर रात्रि कालीन 10 बजे सास्कृतिक कार्यक्रम खुमान साव कृत ठेकवा राजनांदगाव वालो की प्रस्तुति दी जायेगी।

### बाइक चोरी करने वाले तीन धरे गए, भेजा जेल

**भिलाई**। बाइक चोरी करने वाले युवक व दो अपचारी बालको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने बाइक जब्त किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि ऑपरेशन विश्वास के तहत उतई पुलिस ने ग्राम तिलदा रनचिरई निवासी रवि कुमार देशलहरे ने शिकायत किया था कि उसकी बाइक सिकोलाभाठा से तिलोदा अपने बाइक सीजी 07 बीडब्लू 7150 से जा रहा था। रात को उमरपोटी तालाब उतई के पास पहुंचा था। तभी टायलेट करने के लिए बाइक को तालाब किनारे खड़ा किया। जब टायलेट से वापस आया तो बाइक गायब मिला। आसपास तलाश करने पर बाइक नहीं मिलने पर उतई पुलिस थाने में शिकायत किया। मुखबिर की सूचना पर बाजार चौक उतई में कुछ युवक अपने पास रखे बाइक को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे।


## निधन

### असाडी बाई सिन्हा



**गुरूर**। ग्राम पंचायत कोचवाही के आश्रित ग्राम अमलीपारा निवासी असाड़ी बाई सिन्हा 102 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्ती धाम में किया गया। वे दया राम सिन्हा, वीरसिंह सिन्हा के भाभी, सुकालू राम सिन्हा के चाची, कोचवाही सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष बाबूलाल सिन्हा, कन्हैया राम सिन्हा की मां एवं युवराज सिन्हा, खिलावन सिन्हा, सरस्वती सिन्हा, नंदनी सिन्हा, पुष्पा सिन्हा की दादी थी।

### जगत राम साहू



**बालोद**। ग्राम तरौद भाटापारा निवासी जगत राम साहू 66 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार ग्राम तरौद के मुक्तिधाम में किया गया। वे ललती बाई साहू के पति व सुरेंद्र साहू के पिता थे।

## आयोजन

### कलश यात्रा व मां सरस्वती पूजन के साथ हुआ सम्मेलन का शुभारंभ

# रेंगाडबरी में विशाल हिन्दू सम्मेलन में सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी में रविवार को सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन हिन्दू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने तथा सनातन संस्कृति, सनातन धर्म और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया। सम्मेलन का आयोजन रेंगाडबरी बस स्टैंड परिसर में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात रेंगाडबरी के चौक-चौराहों से गुजरती भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सम्मेलन में संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनके सानिध्य में धार्मिक व सांस्कृतिक वातावरण बना रहा। बच्चों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। आयोजकों ने बताया





कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिन्दू समाज में जागरण की भावना को सशक्त करना, सामाजिक एकता को मजबूत करना तथा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाना है। संत-महात्माओं के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा के संचार का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में श्री दाई के दुलरवा जस झांकी, पटपर (डोंगरगढ़) का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। सम्मेलन में क्षेत्र के श्रद्धालु भाई-बहनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से यज्ञदत्त शर्मा, जितेन्द्र साहू, बलराम गुप्ता, देवेंद्र जयसवाल, ग्राम पंचायत रेंगाडबरी की सरपंच श्रीमती भावना जयेश जैन, निरंजन पडौती, रूपेश सिन्हा, संतोष गुप्ता, पालसिंह यादव, ताराचंद निषाद, अमीरदास कृषाणे, रामभुवन, नेमन साहू, योगेश मंडावी सहित अन्य गणमान्य नागरिक व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पावन धाम गैजी में श्रीमद्भागवत कथा की अमृतमयी वर्षा, श्रोताओं को मिल रहा पुण्य लाभ

**डौंडीलोहारा**। परमात्मा की अहैतुक कृपा से पावन धाम गैजी की पावन धरा पर श्रीमद्भागवत भगवान की अविरल कथा रूपी अमृत वर्षा हो रही है। इस दिव्य कथा का श्रवण कर श्रद्धालु पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। श्रीमद्भागवत कथा का वाचन भागवताचार्य आचार्य पंडित राजेश तिवारी जी द्वारा किया जा रहा है। कथा के दौरान आचार्य राजेश तिवारी जी ने राजा परीक्षित मोक्ष प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए बताया कि जब राजा परीक्षित को सात दिवस के भीतर मृत्यु का शाप मिला, तब वे गुरु भगवान श्री सुखदेव जी महाराज की शरण में पहुंचे और विनम्र भाव से पूछा कि जब जीव की मृत्यु समीप हो, तब उसे क्या करना चाहिए। इस पर सुखदेव जी महाराज ने बताया कि मृत्यु निकट होने पर जीव को चार मुख्य कार्य करने चाहिए—ध्यानपूर्वक परमात्मा की कथा सुनना, संकीर्तन करना, निरंतर भगवान का स्मरण करना और मृत्यु से भयभीत न होना।आचार्य तिवारी जी ने कथा में बताया कि जब सुखदेव जी महाराज ने राजा परीक्षित को कथामृत सुनाना प्रारंभ किया, तब देवलोक से समस्त देवगण अमृत कलश लेकर प्रकट हुए और प्रार्थना करने लगे कि राजा परीक्षित को अमृत पिलाकर अमर कर दिया जाए

- जीव को कथा रूपी अमृत का पान करना चाहिए : राजेश तिवारी



तथा उन्हें कथा रूपी अमृत का पान कराया जाए। देवताओं की भावना को समझते हुए सुखदेव जी महाराज ने कहा कि यदि राजा परीक्षित स्वीकृति दें तो उन्हें अमृत कलश दिया जा सकता है, किंतु राजा परीक्षित ने अमृत की अपेक्षा कथामृत को ही श्रेष्ठ माना। इस प्रसंग के माध्यम से आचार्य जी ने यह संदेश दिया कि भागवत कथा का महत्व अमृत से भी कहीं अधिक है, जिसे सुनने के लिए देवगण भी आतुर रहते हैं। यह परम सौभाग्य है कि भगवान ने मनुष्यों को इस कथामृत के श्रवण का अवसर प्रदान किया है। अंततः सुखदेव जी महाराज द्वारा कथामृत का पान कराकर राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई।

## ग्राम परसदा में नौनिहाल मानस मंडली द्वारा मानस ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन

**अंडा**। ग्राम परसदा में नौनिहाल मानस मंडली के तत्वावधान में मानस ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में श्रीरामचरितमानस के सस्वर पाठ एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों और जीवन मूल्यों का संदेश दिया गया। मानस मंडली के सदस्यों सुनील कुमार, महेंद्र कुमार, अनिल कुमार, लवीश कुमार, चंद्रप्रकाश, किरण साहू, रोहित कुमार एवं लालचंद ने समर्पण भाव से मानस पाठ प्रस्तुत किया। उनके मधुर स्वर



और भावाभिव्यक्ति ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान रामभक्ति, सत्य, धर्म, सेवा और सामाजिक समरसता पर प्रकाश डाला गया। ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। आयोजन स्थल पर पूरे समय भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रोताओं ने ध्यानपूर्वक मानस ज्ञान यज्ञ का श्रवण किया। ग्रामवासियों ने नौनिहाल मानस मंडली के प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की इच्छा जताई। कार्यक्रम के अंत में मंगल आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। आयोजकों ने सभी अतिथियों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।

# ग्राम खांडा में गरिमा परियोजना के तहत स्वास्थ्य मेला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

संकल्प एक प्रयास के तहत गरिमा परियोजना अंतर्गत स्वास्थ्य मेला का आयोजन ग्राम खांडा में किया गया, जहां पर ग्रामीण महिलाओं को शिक्षा एवं स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दिया गया एवं गरिमा परियोजना अंतर्गत सभी महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरण किया गया। साथ ही महिलाओं को बाल विवाह शपथ ग्रहण कराया गया, वित्तीय साक्षरता के बारे में बताया गया, आज कल हो रहे विभिन्न प्रकार के साइबर फ्राड को देखते हुए साइबर सेफ्टी के बारे में जानकारी दिया गया और साथ में माहवारी स्वच्छता के बारे में भी जानकारी प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से छेत्र की जनपद सदस्या दामिनी मुकेश साहू जी विशेष रूप से उपस्थित रही साथ में गरिमा परियोजना से फेलो के रूप में भोथली से रानू साहू, मंदाकिनी, भुनेश्वरी, पंचायत सचिव रोमनाथ दिल्लीवार, आंगनबाड़ी संचालिका मालती देशमुख, मितानिन पुष्पा बाई एवं बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं उपस्थित रही। जनपद सदस्या दामिनी मुकेश साहू ने संकल्प एक प्रयास के बारे में गरिमा परियोजना

- संकल्प एक प्रयास के तहत हो रहा ग्रामीण बच्चों के शिक्षा गुणवत्ता में सुधार - दामिनी मुकेश साहू



के बारे में विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बताया कि संकल्प एक प्रयास छत्तीसगढ़ की एक एनजीओ संस्था है जो वंचित बच्चों को शिक्षा देती है, और गरिमा परियोजना इसी एनजीओ का एक हिस्सा है, जो किशोरियों और महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, स्वच्छता और करियर मार्गदर्ंद्रित एक सशक्तिकरण कार्यक्रम है, ताकि वे सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकें। संकल्प एक प्रयास का मुख्य कार्यः ग्रामीण और वंचित बच्चों को पूरक शिक्षाप्रदान करना, ताकि उनकी शिक्षा में सुधार हो सके। सामुदायिक केंद्रों के माध्यम से स्कूल के बाद की कक्षाएं चलाना, जिसमें विज्ञान, गणित और अंग्रेजी पर जोर दिया जाता है। इनका लक्ष्य है गरीब परिवारों के बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ना और उनके शैक्षणिक स्तर को बढ़ाना। साथ ही में गरिमा परियोजना का फोकस किशोरी बालिकाओं को सशक्त बनाना। जिसके लिए विभिन्न गतिविधिया किया जाता है जैसे स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देना, लड़कियों को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन कौशल के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना, जिससे वे सम्मान (गरिमा) के साथ जीवन जी सकें।

संक्षेप में, संकल्प एक प्रयास एक व्यापक शैक्षिक पहल है, और गरिमा परियोजना इसी के अंतर्गत लड़कियों के सशक्तिकरण के लिए चलाया जाने वाला एक विशेष कार्यक्रम है। दामिनी साहू ने बताया कि वे खुद रोज समय निकालकर रोज 2 घंटे बच्चों को संकल्प एक प्रयास के तहत शिक्षा दान में सहयोग प्रदान करती हूं एवं साथ में उन्होंने उन सभी युवा साथियों का धन्यवाद दिया जो अपना समय निकालकर संकल्प एक प्रयास संस्था से जुड़े है और इन गतिविधियों में अपना योगदान दे रहे है।

# प्रगति स्कूल के विद्यार्थियों ने दुधली जम्बूरी में जानी देश की संस्कृति और आपदा प्रबंधन के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ ने दुधली में आयोजित रोवर–रेंजर जम्बूरी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की विविध सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक गतिविधियों तथा आपदा प्रबंधन जैसी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराना रहा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने देश के विभिन्न राज्यों द्वारा लगाए गए आकर्षक स्टालों का अवलोकन किया। इन स्टालों के




माध्यम से उन्हें अलग–अलग प्रदेशों की संस्कृति, लोककला, कृषि आधारित उत्पादों, पारंपरिक खान–पान तथा दैनिक जीवन में उपयोगी वस्तुओं की जानकारी प्राप्त हुई। विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की विशिष्टताओं को जानकर गहरी रुचि दिखाई और प्रश्नोत्तर के माध्यम से अपनी जिज्ञासा को भी शांत किया।

इसके साथ ही विद्यार्थियों ने जम्बूरी में आयोजित आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं के समय आवश्यक सावधानियों, बचाव उपायों तथा प्राथमिक सहायता की जानकारी दी गई, जो उनके जीवन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार देवांगन के साथ शिक्षकगण ललित सिंह गौर, कीर्तिबाला टांक, राधेश्याम गंजीर, बलदेव सिंह यादव, उमेंद सिन्हा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय परिवार ने इस भ्रमण को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

## पुरानी रंजिश में युवक से मारपीट, तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद**। पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने एक व्यक्ति की पिटाई कर दी, जिसके बाद पीड़ित की बहन ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 06 पाण्डेपारा निवासी अंजली धुर्वे ने पुलिस को बताया कि 08 जनवरी को रात्रि 10:30 बजे घर के सामने कलामंच के पास जवाहरपारा बालोद निवासी असद अली के द्वारा मेरे भाई सोमेश धुर्वे को उसका कालर पकड़ कर पुरानी बातों को लेकर असद अली अपने पिता शमशेर अली एवं अपनी मां अन्नु के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर असद अली के द्वारा हाथ में रखे राड़ से सिर में मारा जिससे चोट आकर खुन निकला है। जिसे देखकर मैं तथा मेरा भाई का दोस्त दुर्गेश टांडिया बीच बचाव किये है। तब मेरा भाई बताया कि शाम को शराब भट्ठी में शराब खरीदने गया हुआ था, जहां पर शमशेर अली के द्वारा मुझे देखकर गाली गलौज देने पर वाद विवाद हुआ था। तब असद अली, शमशेर अली एवं अन्नु तीनो कलामंच के पास पहुंच कर पुनः मेरे साथ गाली गलौज कर मारपीट किये है।

## अंचल में कड़ाके की ठंड और शीतलहर का अलर्ट

**दल्लीराजहरा**। छत्तीसगढ़ में सर्दी अब अपने पूरे रंग में नजर आने लगी है। मौसम विभाग की ताज़ा चेतावनी के अनुसार बालोद जिले सहित दल्लीराजहरा क्षेत्र में आने वाले दिनों में घना कोहरा और शीतलहर का असर बढ़ सकता है। खासकर दुर्ग संभाग के जिलों में तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।सुबह और देर रात के समय दल्लीराजहरा शहर व आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है, जिससे दृश्यता काफी कम हो सकती है। ऐसे में सड़क हादसों का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने, हेडलाइट का सही उपयोग करने और अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है। **अन्य शहरों का हालः** बिलासपुरः बीते 24 घंटों में



अधिकतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दुर्गः ठंड का प्रकोप सबसे अधिक, न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस मौसम का अब तक का सबसे कम तापमान है।मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ सकती है। लोगों को गर्म कपड़े पहनने, बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने और ठंड से बचाव के सभी आवश्यक उपाय अपनाने की सलाह दी गई है।

### पेंशनधारी कल्याण संघ का मासिक बैठक 13 को

**बालोद**। पेंशनधारी कल्याण संघ का मासिक बैठक का आयोजन पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 13 जनवरी को आयोजित किया गया है। अध्यक्ष पेंशन धारी कल्याण संघ बालोद आरएम चावड़ा ने बताया जिसमें भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा 80 वर्ष से ऊपर उम्र पार कर चुके पेंशनरो का सम्मान किया जायेगा, साथ ही ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेसर का भी जांच किया जायेगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### सिरसिदा में चावल उत्सव

## रोजगार दिवस व आवास चौपाल कार्यक्रम में शासन की योजनाओं की दी जानकारी

**अंडा**। शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत सिरसिदा में चावल उत्सव, रोजगार दिवस एवं आवास चौपाल का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाना एवं लाभान्वित करना रहा। आयोजन में ग्राम पंचायत सिरसिदा की सरपंच सरस्वती चन्द्राकर, उपसरपंच दामिनी चन्द्राकर, सचिव मोतीलाल साहू, रोजगार सहायक रंगीता देवांगन एवं हरीश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हुआ।



कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को चावल उत्सव, महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत रोजगार दिवस तथा आवास चौपाल से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। पात्र हितग्राहियों को लाभ, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज़ एवं समय-सीमा के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं और सुझावों को भी सुना गया। अंत में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए ग्रामीणों से सहभागिता बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम को ग्रामीणों ने उपयोगी बताते हुए सराहा।

